<u>राज्य सभा</u>

अतारांकित प्रश्न संख्या 2221

14 मार्च, 2018 को उत्तर के लिए

छत्तीसगढ़ के इस्पात संयंत्रों में निवेश करने में सेल की अनिच्छा

2221. डा॰ भूषण लाल जांगडेः

क्या इस्पात मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या एन॰एम॰डी॰सी॰ द्वारा छत्तीसगढ़ के नगरनार में निर्माणाधीन इस्पात संयंत्र का विनिवेश प्रस्तावित है और क्या केंद्र इस पर पुनः विचार करेगा;

(ख) क्या इस्पात संयंत्र को सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के रूप में बनाए रखने की मांग है, जो कि वास्तव में नक्सलवाद से प्रभावित आम जनता की मांग है; और

(ग) क्या स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लि॰ द्वारा अल्ट्रा मेगा स्टील प्लांट एवं बस्तर रेल प्राइवेट लि॰ में भविष्य में निवेश से अनिच्छा व्यक्त की गयी है, यदि हां, तो क्या सरकार इस पर पुनर्विचार करेगी?

<u>उत्तर</u>

इस्पात राज्य मंत्री (श्री विष्णु देव साय)

(क): एनएमडीसी ने छत्तीसगढ़ के नगरनार में निर्माणाधीन इस्पात संयंत्र के विनिवेश को प्रस्तावित नहीं किया है। तथापि, सरकार ने एनएमडीसी लिमिटेड के नगरनार स्टील प्लांट के योजनाबद्ध विनिवेश पर 'सैद्धांतिक' निर्णय ले लिया है।

(ख): छत्तीसगढ़ सरकार ने भारत सरकार से एनएमडीसी के नगरनार स्टील प्लांट के योजनाबद्ध विनिवेश के निर्णय पर पुनर्विचार करने का अनुरोध किया है।

(ग): सेल ने छत्तीसगढ़ सरकार को सूचित किया है कि वह दबावग्रस्त वित्तीय स्थिति के कारण आगे निधियों का योगदान करने की स्थिति में नहीं है। इसके अतिरिक्त, सेल ने बस्तर रेलवे प्राइवेट लिमिटेड में अपनी इक्विटी शेयर को 21% से घटाकर 12% किया है।

*****